हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार 31 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

12 टसक-टसक कर चल रहा अस्पताल में रेनोवेशन कार्य


12 पुलिसकर्मियों का मनोबल ऊंचा रखना और उनकी...





## खबर संक्षेप

### हादसे में मौत के सवा माह बाद मामला दर्ज

**जींद।** ढाकल के निकट सड़क हादसे में सवा महीने पहले हुई बाइक सवार युवक की मौत के मामले में ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ढाकल निवासी रजत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई रंजन गत 14 फरवरी को बाइक पर सवार हो खेत में पानी लगाने गया था। सुबह वह सड़क पर घायल अवस्था में मिला। जिसे गंभीर हालात में अस्पताल नरवाना ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना नरवाना पुलिस मौके पर पहुंच थी।

### प्योदा-सेगा रोड पर सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत

**कैथल।** प्योदा-सेगा रोड पर हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव प्योदा निवासी कपिल (40) के रूप में हुई है। तितरम थाना पुलिस ने अज्ञात ऑटो चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में राजेंद्र कुमार ने बताया कि वह अपने चचेरे भाई कपिल के पीछे-पीछे बाइक पर जा रहा था। कपिल बिजली बोर्ड में ड्यूटी के लिए जा रहा था। रास्ते में सामने से आ रहे नीले रंग के ऑटो चालक ने लापरवाही से चलते उसकी बाइक को सीधी टक्कर मार दी।

### लोगों को भड़काने की कोशिश पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव भाणा ब्राह्मणन के लोगों को प्रशासन के खिलाफ भड़काने और शांति भंग करने की कोशिश करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने एक व्यक्ति को नामजद कर कुछ अन्य लोगों के खिलाफ विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। सदर थाना नरवाना के पुलिसकर्मी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि हाई कोर्ट के आदेश पर गांव भाणा ब्राह्मणन में जिला प्रशासन द्वारा अवैध कब्जे हटाए जा रहे थे। इसी दौरान न्यू कृष्णा कालोनी निवासी सुनिल गांव में पहुंचा और उन्हें भड़काने की कोशिश। जातिगत टकराव पैदा करने की कोशिश भी की।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव धमतान साहिब से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर गढ़ी थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव धमतान साहिब निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी संदिग्ध हालात में घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। गढ़ी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### दुकान का ताला तोड़कर लाखों का सामान चोरी

**जींद।** गांव बेलरखां में बीती रात चोरों ने मोबाइल दुकान का ताला तोड़ कर पांच मोबाइल सेट, एलईडी, ईयर बैंड समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बेलरखां निवासी साहिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव में मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान खोली हुई है। बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर पांच मोबाइल सैट, एलईडी, 20 ईयर बैंड समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया है।

## बजट बैठक में नप अध्यक्ष डॉ. अनुराधा सैनी की अध्यक्षता में तैयार किया साल 2026-27 का खाका

# सर्वसम्मति से पारित किया बजटः विभिन्न मदों से 98.93 करोड़ रुपये की होगी आमदनी, 85.84 करोड़ होंगे खर्च

### जिला नगर आयुक्त ने पार्षदों की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया

**चार साल में जींद में करवाया रिकार्ड विकास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नगर परिषद जींद की बजट को लेकर विशेष बैठक सोमवार को अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी की अध्यक्षता में हुई। इसमें वित्त वर्ष 2026-27 के बजट को लेकर खाका तैयार किया गया। बैठक में चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से बजट पारित किया गया। नप चेयरपर्सन ने बताया कि आगामी वित्त वर्ष में विभिन्न मदों से 98.83 करोड़ रुपये आमदनी होने और 85.84 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। प्रापर्टी टैक्स से 10 करोड़ 72 लाख 53 हजार रुपये, स्टांप ड्यूटी से आठ करोड़, किराये से दो करोड़ 88 लाख 22 हजार रुपये आमदनी का लक्ष्य है। लोग प्रापर्टी टैक्स जमा करवाएं। इसके लिए शहरवासियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। सीएफएसी से 20 करोड़ 69 लाख 46 हजार रुपये और एसएफसी से 44 करोड़ 21 लाख 81 हजार रुपये की ग्रांट सरकार से मिलने की उम्मीद है। पांच अप्रैल को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जींद आ रहे हैं। वे रैली में जींद शहर के लिए करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं की घोषणा करेंगे। शहर के विकास कार्यों के लिए उन्होंने भी मुख्यमंत्री को मांगें भेजी हुई हैं। बैठक में पार्षदों ने अपने वार्डों से संबंधित समस्याएं रखी। जिला नगर आयुक्त सुरेंद्र दून ने पार्षदों की समस्याओं का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। साथ ही एक माह के अंदर हाउस की बैठक बुलाने की भी बात कही। बैठक में सभी वार्डों से पार्षद, मनोनीत पार्षद, कार्यकारी अधिकारी रिषिकेश चौधरी, सभी जेई, सफाई अधिकारी नीलम सहित सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने कहा कि पिछले चार वर्षों में जींद नप द्वारा सभी वार्डों में समान विकास कार्य सफलतापूर्वक किए गए हैं। कार्यों का मुख्य उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुंदर व सुविधाजनक बनाना रहा है। इनमें गलियां, सड़क, नालों, पार्कों एवं चौंकों का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण करना प्राथमिकता रही है। चेयरपर्सन डा. सैनी के अनुसार पार्कों की दिशा और दशा पूरी तरह बदली गई है। इनमें वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, झूले, ओपन जिम जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं। जिससे नागरिकों को बेहतर वातावरण मिला है और इस दिशा में और भी सुधार करने के लिए नगर परिषद प्रयासरत है। चेयरपर्सन ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य सभी वार्डों में समान विकास करने का रहा है।


जींद। मीटिंग की अध्यक्षता करते चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी। फोटो :हरिभूमि

### ये हैं नगर परिषद की आगामी योजनाएं

शहर में बर्ड टावर बनाने की योजना है। जिससे पक्षियों को दाना-पानी डालने के लिए एक आधुनिक स्थान का निर्माण पहली बार जींद में किया जाएगा। इससे अनेकों पक्षियों की प्रजाति दाना-पानी के लिए आएंगे। रोहतक रोड (एचपी गैस एजेंसी के पास) जींद द्वार का निर्माण करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को प्रस्ताव भेजा गया है। जिसका निर्माण कार्य नगर परिषद जींद द्वारा जल्द ही शुरू किया जाएगा। जींद में विधायक से विचार विमर्श कर नगर परिषद जींद द्वारा पालिका बाजार को एक आधुनिक रूप देकर मॉर्डन मार्केट बनाने को लेकर चर्चा की और इस दिशा में कार्य करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को प्रस्ताव भेजा गया है। विधायक से विचार-विमर्श कर नगर परिषद जींद द्वारा गुरुद्वारे के पास खाली पड़ी जमीन में एक बड़े प्रोजेक्ट लगाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को प्रस्ताव भेजा गया है। इसके अलावा पुराने नगर परिषद कार्यालय में बने लाला लाजपत राय शापिंग मॉल को किराये पर देने या उसे बेचने के लिए विधायक से विचार-विमर्श कर नगर परिषद जींद द्वारा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को प्रस्ताव भेजा गया है। देवीलाल चौक से रोहतक रोड बाईपास तक सड़क चौड़ीकरण और पुनर्निर्माण का प्रस्ताव भी भेजा गया है। जिससे ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर होगी। यातायात से संबंधित व्यवस्था को देखते हुए कबीर चौंक रोहतक रोड और सफीदों रोड नजदीक दालमवाला अस्पताल पर ट्रैफिक लाइट लगाने का प्रस्ताव पारित कर दिया गया है और जिनका कार्य जल्द से जल्द शुरू होगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को लगभग 20-25 करोड़ रुपये के विकास कार्य गलियां, पार्क, नाले, डिवाइडर, लाइटों का प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही ये सभी कार्य शुरू होंगे। चेयरपर्सन ने कहा कि शहर में साफ.-सफाई को लेकर निरंतर प्रयास किए गए हैं।

### गलियों के निर्माण कार्य में विशेष ध्यान रखा

जिसको देखते हुए गलियों के निर्माण कार्य में विशेष ध्यान रखा गया कि उनमें नालियां नहीं हों ताकि कूड़ा जमा नहीं हो और लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। जिससे लोगों ने इस कार्य को देखते हुए नगर परिषद जीन्द की सराहना की है। चेयरपर्सन ने कहा कि शहर में विभिन्न समाजों के संस्थापक और महापुरुषों के सम्मान में कई चौकों और रास्तों का निर्माण किया गया। इनमें कबीर चौक, विश्वकर्मा चौक, महाराजा अग्रसेन चौंक, बाबा बंदा सिंह बहादुर चौंक आदि शामिल हैं। इसके अलावा महाराजा शुरसैनी चौक, सैन भगत चौक, दीनबंधु सर छोटू राम चौक का निर्माण कार्य प्रगति पर है। सैन भगत चौक निर्माण कार्य प्रगति पर है। नप द्वारा डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा से विचार-विमर्श कर नगर परिषद जींद द्वारा गुरू तेग बहादुर द्वार का निर्माण बड़े गुरुद्वारे के सामने किया गया है। इसके साथ ही जयंती द्वार और पांडु द्वार का कार्य प्रगति पर है।

### चेयरपर्सन ने लोगों से की सहयोग की अपील

नगर परिषद अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी ने शहर के लोगों से अपील की कि वे साफ.-सफाई रखने में सहयोग करें ताकि जींद को स्वच्छता रेंकिंग में बढ़त मिल सके। उन्होंने कहा कि वार्डों, सड़कों और गलियों में डस्टबिन लगाए गए हैं लेकिन अभी नगर वासियों का सहयोग कम मिल रहा है। जिससे हम रैंकिंग की दृष्टि से पिछड़ रहे हैं।


जींद। बदले मौसम के बीच फसल संभालने पहुंचा किसान। फोटो :हरिभूमि

### आकाश में छाए बादल, बारिश के आसार

**जींद।** पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता ने किसानों को हलकान कर दिया है। आकाश में बादलों को जमावड़ा लगा रहा। हवा की गति भी कुछ तेज रही और उसके साथ धूल भी उड़ती रही। दोपहर बाद बूंदाबांदी शुरू हो गई। मौसम के तेवरों को देख किसानों की धड़कन भी ऊपर-नीचे होती रही। किसानों को भय सताता रहा कि कहीं मौसम के बिगड़े तेवर उनकी फसलों को चौपट न कर दें। सोमवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 19 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 42 प्रतिशत तथा हवा की गति 16 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान बादल छाए रहने तथा बूंदाबांदी की संभावना है। सोमवार को दिन आगाज आंशिक बादलवाई के साथ हुआ। धूप भी निकली रही। दिन चढने के साथ हवा की गति तेज होने लगी और आकाश में बादल भी दिखाई देने लगे। दोपहर बाद मौसम ने तेजी से करवट ली और बूंदाबांदी शुरू हो गई। जिससे तापमान में भी गिरावट आई। मौसम भी सुहाना हो गया। आकाश में छाए बादलों से बारिश के आसार भी बने रहे। रबी की फसलें पक कर तैयार हैं। सरसों की आवक मंडियों में शुरू हो चुकी है। गेहूं भी कटाई के लिए तैयार है। मौसम के बिगड़े तेवरों ने किसानों की चिंता को बढ़ा दिया है। बारिश के चलते सरसों कटाई तथा कढ़ाई का कार्य बाधित हो गया है। किसानों को कहना है कि बेमौसमी बारिश फसलों के लिए नुकसान दायक है। अगर बारिश होती है तो गेहूं का दाना काला हो जाएगा। हवा की गति से पसर भी जाएगी। जो सरसों तैयार खड़ी है, वह झड़ जाएगी। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश मे बताया कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में बदलाव आया है। बूंदाबांदी के साथ कहीं-कहीं हलकी बारिश हो सकती है। मौसम को देखते हुए किसान खेती से संबंधित कार्य करें।

## तेज आवाज में गाना बजाने पर ट्रैक्टर चालक का काटा 21 हजार का चालान

### बगैर नंबर प्लेट की 6 मोटरसाइकिल इंपाउंड

- तेज आवाज में गाने बजाते सार्वजनिक मार्ग पर वाहन चला रहा था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सोमवार को ट्रैफिक पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते एक ट्रैक्टर चालक को काबू कर उस पर 21 हजार रुपये का चालान किया, वहीं बिना नंबर प्लेट चल रही 6 मोटरसाइकिलों को इंपाउंड किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते बताया कि अंबाला रोड, कैथल पर ट्रैक्टर चालक बड़े-बड़े स्पीकर लगाकर तेज आवाज में बजाते सार्वजनिक मार्ग पर वाहन चला रहा था। ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर सतपाल की टीम ने तुरंत कार्रवाई कर चालक को काबू किया।


पुलिस द्वारा चालान किया गया ट्रैक्टर।

### कार्रवाई होगी

जांच के दौरान पाया गया कि ट्रैक्टर पर बड़े आकार के स्पीकर लगाए गए थे, टायर मॉडिफाइड थे तथा वाहन पर प्रतिबंधित लाल-नीली लाइट भी लगाई गई थी, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने के चलते उक्त ट्रैक्टर का 21 हजार रुपये का चालान किया गया। इसके अलावा अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस द्वारा बिना नंबर प्लेट के सड़कों पर दौड़ रही 6 बाइकों को भी जब्त (इंपाउंड) किया गया। पुलिस अधीक्षक ने सख्त संदेश देते हुए कहा कि जिले में ट्रैफिक नियमों की अनदेखी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## कैथलः नशेड़ी युवक ने रोडवेज बस में जमकर किया हंगामा

### चालक ने किया पुलिस के हवाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हिसार से चंडीगढ़ जा रही बस में सवार युवक ने बस कैथल पहुंचने पर जमकर हंगामा किया। युवक ने बस में सवार यात्रियों को धमकियां दीं। ड्राइवर और कंडक्टर के बार-बार समझाने के बावजूद नहीं माना। पहले जब बस कैथल के बस स्टैंड पर पहुंची तो वहां पुलिस चौकी के कर्मियों ने उसे बस से नीचे उतारने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं उतरा। इसके बाद हालात बिगड़ते देख ड्राइवर बस को चंडीगढ़ जाने से पहले सीधा सिविल लाइन थाना में ले गया, जहां अन्य पुलिस कर्मियों ने उसे बस से नीचे उतारा। इस दौरान बस आधे घंटे तक थाने में ही खड़ी रही। ड्राइवर की शिकायत लेने के बाद पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। बस के चालक संदीप ने बताया कि सोमवार को वह हिसार डिपो की बस लेकर चंडीगढ़ जा रहा था। नरवाना से पहले दनौदा गांव से एक युवक बस में चढ़ा, जो नशे में था। बस में बैठते ही उसने यात्रियों को परेशान करना शुरू कर दिया। कभी वह वीडियो बनाने लगता तो कभी यात्रियों को चुप रहने की धमकी देता। पहले तो युवक को बस से उतारने की कोशिश की गई, लेकिन वह नहीं माना। उल्टा बस के आगे खड़ा हो गया और गाड़ी को आगे नहीं बढ़ने देने की बात कहने लगा। इसके बाद बस अड्डा चौकी पर भी शिकायत की गई, जहां पुलिसकर्मियों ने उसे नीचे उतारने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं उतरा और अपना नाम-पता भी नहीं बताया। स्थिति को देख उसे मजबूरन बसा को सीधा सिविल लाइन थाना लेकर जाना पड़ा।

### क्षेत्रवासियों को लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से राहत मिलेगी

## नगर परिषद चेयरपर्सन ने किया एक करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सेक्टर-20 की सड़कों का भव्य शिलान्यास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शहर में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से नगर परिषद द्वारा विकास कार्यों की रफ्तार लगातार तेज की जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को नगर परिषद चेयरपर्सन श्रीमती सुरभि गर्ग ने सेक्टर-20 की विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इन सड़कों का निर्माण लगभग 1 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से राहत मिलेगी। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान वार्ड नंबर-7 के पार्षद विजय गर्ग, नगर परिषद के अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में सेक्टरवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पार्षद विजय गर्ग ने चेयरपर्सन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेक्टर-20 की सड़कें लंबे समय से जर्जर हालत में थीं, जिससे आमजन को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अब इन सड़कों के निर्माण कार्य के शुरू होने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के अंतर्गत सामुदायिक केंद्र की मुख्य सड़क तथा ब्लॉक-ए की आंतरिक सड़कों का निर्माण कार्य किया जाएगा।

### गुणवत्ता में कमी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं

नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कहा कि नगर परिषद का लक्ष्य केवल विकास कार्य शुरू करना नहीं, बल्कि उन्हें निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करना है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में कमी बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी भी नागरिक को कहीं पर कार्य में खामी नजर आती है, तो वह तुरंत इसकी सूचना दें, ताकि संबंधित ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे गर्मी का मौसम आगे बढ़ेगा, निर्माण कार्यों में और तेजी लाई जाएगी, ताकि सभी अधूरे और निर्माणाधीन कार्यों को समय पर पूरा कर नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा सकें।

## हाइड्रोजन ट्रेन को मेंटेनेंस के लिए दिल्ली भेजा गया

- ब्रेक सहित अन्य चीजों की खामियों की जांच की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हाइड्रोजन ट्रेन के 5 बार परफफार्मेंस ट्रायल के बाद मेनटेनेंस के लिए ट्रेन को दिल्ली शकूरबस्ती भेजा गया है। यहां ट्रायल के दौरान ट्रेन में आई ब्रेक सहित अन्य चीजों की खामियों की जांच की जाएगी। परफार्मेंस ट्रायल सफल रहने के बाद ट्रेन की सुरक्षा बारीकियों की जांच के सीआरएस चीफ कमिशनर आफ रेलवे सेफ्टी टीम जांच करेगी। सीआरएस की जांच से पहले परफार्मेंस ट्रायल में आई खामियों को दूर किया जाएगा। बता दें कि 16 से 27 मार्च तक हाइड्रोजन ट्रेन का जींद से सोनीपत ट्रैक पर परफार्मेंस ट्रायल किया गया था। इस दौरान दो बार जींद से सोनीपत रूट पर ट्रेन का चक्कर लगवाया गया था जबकि तीन बार जींद से सोनीपत रूट पर दो-दो चक्कर लगवाए गए थे। इस दौरान ट्रेन को पैसेंजर ट्रेन की तरह हर स्टेशन पर एक से दो मिनट तक रोका गया था। हर जंक्शन पर ट्रेन को रोकने का मुख्य उद्देश्य इंजन में गैस की खपत ब्रेक सिस्टम सहित अन्य चीजों को परखना था। बता दें कि 27 मार्च को हाइड्रोजन ट्रेन का पांचवां परफार्मेंस ट्रायल हुआ था।

## खबर संक्षेप

### चार श्रम संहिताओं के विरोध में प्रदर्शन कल

**जींद।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन की जिला कमेटी जींद ने केंद्र सरकार द्वारा लागू की जाने वाली चार श्रम संहिताओं के विरोध में एक अप्रैल को काला दिवस मनाने और जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सीटू जिला प्रधान रमेश चंद्र ने बताया कि केंद्र सरकार मजदूरों के कड़े विरोध और ऐतिहासिक हड़तालों के बावजूद एक से मजदूर विरोधी श्रम संहिताओं को अधिसूचित करने की घोषणा कर चुकी है। सरकार के इस तानाशाही रवैये के खिलाफ मजदूरों में भारी आक्रोश है और आक्रोश को लेकर एक को काला दिवस मनाते प्रदर्शन करेंगे।

### जींदः हुड्डा कांप्लेक्स में रक्तदान शिविर कल

**जींद।** युवा विकास समिति द्वारा एक अप्रैल बुधवार को हुड्डा कांप्लेक्स में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। युवा विकास समिति जींद के अध्यक्ष प्रदीप रेढू ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में मुख्यअतिथि के तौर पर मीना शर्मा शिरकत करेंगी। युवा विकास समिति जींद के महासचिव विनोद शर्मा व संयोजक प्रवीण सैनी ने बताया कि रक्तदान शिविर सुबह साढ़े नौ बजे से दो बजे तक चलेगा और वशिष्ठ अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय कवि ओमप्रकाश चौहान, जागृति कलाकार रामधन गोस्वामी, राजेंद्र सोनी, नर्सिंग ऑफिसर मनीषा बरसाना आदि शिरकत करेंगे।

### शिक्षाविद संजय चौधरी 37 वर्ष की सेवा बाद सेवानिवृत्त

**जींद।** नरवाना के प्रमुख समाजसेवी एवं शिक्षाविद संजय चौधरी आज 37 वर्षों की सेवा के उपरांत प्राचार्य के पद से रिटायर हुए। गौरतलब है कि संजय 1989 में कैथल के हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बतौर अध्यापक जीवन शुरू किया। 1990 में आर्य स्कूल नरवाना में अध्यापक के पद पर आए। अध्यापक पद पर रहते 1995 में पॉलिटिकल साइंस से एमए की शिक्षा ग्रहण की व गोल्ड मेडलिस्ट रहे 2002 में मात्र 34 वर्ष की आयु में ही आर्य स्कूल में प्रधानाचार्य के पद पर आसीन हुए थे।

### राजकुमार 32 वर्ष की सेवा उपरांत सेवानिवृत्त

**जींद।** राजकीय वमावि ढाठरथ से मुख्यशिक्षक राजकुमार 32 वर्ष की सरकारी सेवा करने के उपरांत सेवानिवृत्त हो गए हैं। राजकुमार की विद्यालय में विशेष विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ जींद की तरफ से राजकुमार को फूलों की माला पहना कर, स्मृति चिन्ह देकर व पगड़ी पहना कर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत मुख्याध्यापक दलबीर ने बताया कि राजकुमार ने अध्यापन काल में एक आदर्श शिक्षक की भूमिका निभाई है।

### जिला खेल नर्सरियों के लिए 31 को होंगे ट्रायल

**जींद।** जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा ने बताया कि विभागीय प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण केंद्रों पर मंगलवार 31 मार्च को खेल नर्सरियों के लिए ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन ट्रायल के माध्यम से 25 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा तथा 10 खिलाड़ियों को प्रतीक्षा सूची में रखा जाएगा। ट्रायल में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों की आयु आठ से 19 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आयु की गणना एक अप्रैल 2007 के बाद तथा 1 अप्रैल 2018 के बीच जन्म लेने वाले खिलाड़ियों के आधार पर की जाएगी।

### फसल खरीद सीजन को नोडल अधिकारी नियुक्त

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला में रबी सीजन के दौरान किसानों की सुविधा एवं अनाज मंडियों में फसल खरीद कार्य को सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संचालित करने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा आवश्यक कदम उठाए गए हैं। इसी कड़ी में अनाज मंडी में खरीद प्रक्रिया की निगरानी एवं समन्वय के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। कार्य को लेकर एडीसी प्रदीप कुमार को ओवरऑल इंचार्ज नियुक्त किया है। नोडल अधिकारी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि मंडी परिसर में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें।

### 14.91 करोड़ से करवाया जा रहा बिल्डिंग का जीर्णोद्धार

# टसक-टसक कर चल रहा अस्पताल में रेनोवेशन कार्य

## पीछे दो माह पहले हटाया छप्पर, गर्मी में रिपोर्ट लेने को मजबूर मरीज

**बिल्डिंग के पीछे की तरफ हालात ज्यादा खराब**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


गर्मी के बीच बिना छप्पर के लाइन में लग लैब जांच रिपोर्ट लेते हुए मरीज।

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में रेनोवेशन (जीर्णोद्धार) का कार्य कछुआ चाल से चल रहा है। 14.91 करोड़ रुपये की लागत से चल रहे इस प्रोजेक्ट में दो माह पहले पुरानी बिल्डिंग के पीछे की तरफ से काम की शुरूआत की गई थी लेकिन आजतक भी यह काम पूरा तो क्या शुरू तक नही हो पा रहा है। मजबूरन मरीजों को अब गरमी के बीच लंबी लाइनों में लग कर यहां मौजूद लैबोरेटरी से अपनी जांच रिपोर्ट लेनी पड़ रही है। हालांकि बिल्डिंग के सामने तो शीट लगा दी गई है, जो रात के समय किसी फाइव स्टार होटल का लुक देती हैं। बिल्डिंग के पीछे की तरफ हालात ज्यादा खराब है। इसलिए यहां शीट न लगा कर व्हाइटवॉश के साथ-साथ पैच वर्क किया जाना है। कार्य को लेकर दो माह पहले पुरानी बिल्डिंग में मौजूद लैबोरेटरी के बाहर लगा छप्पर (शेड) हटा दिया गया था। पुरानी बिल्डिंग के पीछे की दीवार पर पहुंचा जीर्णोद्धार कार्य नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग के भीतर व बाहर के जीर्णोद्धार के कार्य के बाद दो माह पहले पीछे की तरफ से काम की शुरूआत की गई थी। बिल्डिंग के पीछे की तरफ दीवार का बुरा हाल है। इसी दीवार के सहारे शेड लगाया गया है। जिसके नीचे बैठ कर लोग अपनी जांच रिपोर्ट का इंतजार करते हैं। निर्माण कार्य के दौरान कोई हादसा न हो, इसके लिए इस शेड को हटवा दिया गया था। दो माह से काम नही शुरू हो पाया है और मजबूरन लोगों को अब गरमी के बीच लंबी लाइनों में लग कर लैब रिपोर्ट का इंतजार करना पड़ रहा है। 14.91 करोड़ रुपये की लागत से 50 साल पुरानी बिल्डिंग को दे रहे आधुनिक रूप नागरिक अस्पताल में 14.91 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार हो रहा है। इसका उद्देश्य50 साल पुरानी जर्जर बिल्डिंग को आधुनिक रूप देना है। जिसमें सभी वार्डों में आधुनिक सुविधाएं, पैच वर्क, इंटीरियर और एक्सटीरियर सुधार शामिल है। काम इतना धीमे चल रहा है कि साढ़े पांच माह होने को हैं, यह पूरा नही हो पाया है। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा संचालित यह प्रोजेक्ट निर्धारित समयावधि से पार जा चुका है। जोकि स्वास्थ्य अधिकारियों व मरीजों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। देरी और गुणवत्ता पर लगातार सवाल उठ रहे हैं।

**बिल्डिंग के पीछे की तरफ से कार्य प्रारंभ : पीएमओ**

नागरिक अस्पताल के कार्यकारी प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि बिल्डिंग के पीछे की तरफ किया जाना है। कार्य में तेजी लाने के लिए उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों व ठेकेदार से बातचीत की है। उम्मीद है कि जल्द यह कार्य शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा।

# जींद में होने वाली विकास रैली में महिलाओं की होगी विशेष भागीदारी : डॉ. पुष्पा तायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



भाजपा की जिला महामंत्री डा. पुष्पा तायल ने जींद हलके के दर्जनों गांव में दौरा करने के उपरांत कहा कि पांच अप्रैल को जींद में होने वाली रैली में महिलाओं की विशेष भागीदारी होगी। क्योंकि हलके की जिस गांव में भी वो गई महिलाओं ने रैली में आने के लिए उनको पूरा आश्वस्त किया है। उनका कहना है कि महिला सशक्तिकरण के लिए भाजपा सरकार पूरी प्रयासरत है व भाजपा ने महिलाओं को राजनीति में आगे लाने के लिए पंचायत से लेकर विधानसभा व लोकसभा में आरक्षण देने का काम किया है। भाजपा ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे कार्यक्रमों को चला कर बेटियों की शिक्षा व लिंगानुपात सुधारने में एक सराहनीय कदम उठाया है। महिलाओं की पीड़ा को ध्यान में रखते हुए महिलाओं के लिए शौचालयों का निर्माण करवाया, महिलाओं को न्याय मिले व उनकी थानो में सुनवाई हो इसके लिए महिला थानों की स्थापना की। महिला खिलाडियों को विशेष तौर पर आगे बढने के लिए प्रोत्साहित किया। सरकारी नौकरियों में विशेष आरक्षण दिया। इसलिए, महिलाओं को भी भाजपा की मजबूती व मुख्यमंत्री नायब सैनी के स्वागत के लिए व डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के हाथों को मजबूत करने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में रैली में पहुंचकर अपनी ताकत दिखानी चाहिए।

# अग्निपथ योजनाः ऑनलाइन आवेदन की 10 तक बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अग्निपथ योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ा कर 10 अप्रैल कर दिया गया है। जिला जींद के युवाओं के साथ-साथ जिला हिसार, हांसी, सिरसा व फतेहाबाद के युवा भर्ती के लिए वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट ज्वायन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन पर पंजीकरण कर आवेदन कर सकते हैं। भर्ती निर्देशक सेना भर्ती कार्यालय हिसार ने बताया कि ऑनलाइन परीक्षा के लिए अभ्यार्थी द्वारा प्रति आवेदन परीक्षा शुल्क 250 रुपये का भुगतान ऑनलाइन करना होगा। इच्छुक उम्मीद्वार उनकी योग्यता के अनुसार दो अग्निवीर श्रेणी के लिए आवेदन करने का विकल्प इस वर्ष भी दिया गया है। अग्निवीर श्रेणी में प्राथमिकता का विकल्प है, जिसको उम्मीदवार को आवेदन करते समय चुनाव करना है। भर्ती वर्ष 2027 के लिए अग्नि वीरों की भर्ती दो चरणों में की जाएगी। प्रथम चरण में ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित लिखित परीक्षा (संयुक्त प्रवेश परीक्षा) व द्वितीय चरण में भर्ती रैली होगी। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया दो अप्रैल 2026 के उपरांत बंद कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला जींद, फतेहाबाद, सिरसा, हिसार व हांसी जिला के जिन युवाओं का जन्म एक जुलाई 2005 से एक जुलाई 2009 के बीच हुआ है।

### हनुमान जन्मोत्सव दो को धूमधाम से मनाया जाएगा

**नरवाना।** आगामी दो अप्रैल को प्राचीन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा जिसकी तैयारियां पिछले कई दिनों से चल रही है। प्रधान रिपन गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग एक माह से मंदिर प्रांगण की सजावट का कार्य चल रहा है। पूरे मंदिर परिसर को रंगीन लाइटों से सजा दिया गया है। इस दिन भव्य आयोजन किया जाएगा प्रातः काल में हवन यज्ञ से कार्यक्रम की शुरुआत होगी उसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन रहेगा व भजन कीर्तन विशेष रूप से किया जाएगा। मान्यता है कि प्राचीन हनुमान मंदिर में जो भी भगत अपनी मुराद मांगता है वह कुछ ही दिनों में पूरी हो जाती है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में भगत यहां माथा टेकने आते हैं और दूर-दूर से भगत यहां सवामणि लगाने आते हैं। हनुमान जन्मोत्सव पर हजारों की तादाद में यहां सवामणि लगती है।

### रैली को लेकर दिया ग्रामीणों को न्योता

**जींद।** सफीदों विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार ने हर वर्ग के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं। विशेष रूप से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। जिससे महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और आत्मनिर्भर बन रही हैं। सरकार की योजनाओं के चलते महिलाओं के मान-सम्मान और आमदनी में भी बढ़ोत्तरी हुई है। सफीदों विधायक रामकुमार गौतम सोमवार को चार अप्रैल को आयोजित होने वाली मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धन्यवाद एवं विकास रैली को लेकर ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। कहा कि यह रैली न केवल ऐतिहासिक होगी बल्कि सफीदों में अब तक हुई सभी पिछली रैलियों के रिकॉर्ड भी तोड़ेगी।


**जींद।** जनसंपर्क अभियान के दौरान मांग पत्र विधायक सौंपते हुए।


**जींद।** भट्ठा एसोसिएशन के साथ बैठक करते एसपी कुलदीप सिंह।

### जिले में अपराध का कोई स्थान नही : एसपी

**जींद।** पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने जींद, जुलाना क्षेत्र के भट्ठा एसो व खाप प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनके सुझाव, सुरक्षा संबंधी चिंताएं और वर्तमान परिस्थितियों को गंभीरता से सुना। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने साफ शब्दों में कहा कि जिले में अपराध और भय का कोई स्थान नही है। उन्होंने जुलाना क्षेत्र के भट्ठा एसो व खाप प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा बताई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निवारण किया जाएगा। यदि फिर भी कोई सुरक्षा संबधी, किसी भी प्रकार की समस्या है तो वे बिना किसी झिझक के तुरंत मुझे या नजदीकी पुलिस थाना या हैल्पलाइन नंबर पर सूचना दें। जींद पुलिस पूरी तरह सतर्क है आमजन और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

### एसडीएम बेस्ट ऑफिसर के अॅवार्ड से नवाजे

**उचाना।** पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में उचाना सेवा ग्रुप द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उचाना के एसडीएम रहे दलजीत सिंह को बेस्ट ऑफिसर के अॅवार्ड से सम्मानित किया गया। घसो, गुरूकुल खेड़ा, खापड़, घोघड़िया, उचाना खुर्द, मंगलपुर, खरकभूरा के ग्रामीणों के साथ-साथ चहल खाप द्वारा भी उन्हें सम्मानित किया। उचाना से करनाल तबादला होने से पहले वो उचाना में बतौर एसडीएम 10 महीने तक कार्यरत रहे। कार्यक्रम में वो अपनी पत्नीए बेटेए बेटी के साथ शामिल हुए। जीवन में हम किसी के लिए एक कदम चलते है तो वो हमारे लिए दस कदम आगे चलते है। 30 साल की नौकरी होने वाली है। जितना प्यारख सहयोग उचाना में मिला उसके लिए कोई शब्द नहीं है। अपने कार्यकाल के दौरान सरकार की योजना को लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को मिले ये कोशिश रही।


दलजीत सिंह को बेस्ट ऑफिसर अॅवार्ड से सम्मानित करते उचाना सेवा ग्रुप।


**नरवाना।** शिविर में जांच करते डा. मोनिका। फोटो :हरिभूमि

### निःशुल्क शिविर में 59 मरीजों की जांच

**नरवाना।** श्री सिद्धिविनायक सेवा समिति द्वारा संचालित जयराम नेत्र दंत प्रसूति एवं सामान्य अस्पताल में सोमवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नरवाना क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीणों व शहरवासियों ने हिस्सा लिया। जिनमें से कुल 59 मरीजों के स्वास्थ्य की बारीकी से जांच की गई। शिविर में पंचकर्म विशेषज्ञ डा. मोनिका घनघस ने अपनी सेवाएं देते हुए कमर दर्द, घुटने व जोड़ों के दर्द, हड्डियों में कैल्शियम की कमी की जांच व बायोथेसियोमीटर द्वारा शुगर के मरीजों की पैरों की नसों जैसे रोगों की जांच की। डा. मोनिका ने बताया कि जांच के दौरान हड्डियों में कैल्शियम की कमी के मरीजों की संख्या सबसे अधिक पाई गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिविर के समापन के बाद भी अस्पताल में उनकी सेवाएं नियमित रूप से उपलब्ध रहेंगी।


**जींद।** समाधान शिविर में शिकायतें सुनते एडीसी प्रदीप कुमार। फोटो :हरिभूमि

### समाधान शिविर में आठ फरियादी पहुंचे

**जींद।** सरकार की जनसेवा पहल के तहत सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार ने आमजन की शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। एडीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार की प्राथमिकता है कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से समाधान किया जाए। समाधान शिविरों के माध्यम से लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों के अधिकारी मिल जाते हैं, जिससे मौके पर ही समस्याओं का समाधान संभव हो पाता है और नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। सोमवार को शिविर में आठ शिकायतें प्राप्त हुईं। एडीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

# मुख्यमंत्री चार और पांच अप्रैल को सफीदों जींद को देंगे बड़ी सौगात : टेकराम कंडेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सहकारी श्रम व निर्माण प्रसंग के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा के वरिष्ठ नेता टेकराम कंडेला ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चार अप्रैल को सफीदों व पांच अप्रैल को जींद में योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे और दोनों हल्को में विकास की रफ्तार को तेज करेंगे व दोनों हल्को की जनता का धन्यवाद करेंगे। कंडेला ने कहा कि सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम अपनी टीम के साथ सफीदों के हर गांव में जाकर जनता को निमंत्रण दे रहे हैं। इसी प्रकार प्रदेश के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा अपनी टीम के साथ जींद हलके के हर गांव व शहर के वार्डों में पांच अप्रैल के लिए रैली में पहुंचने के लिए निमंत्रण दे रहे हैं। कंडेला ने कहा कि लोगों में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है और बहुत ज्यादा संख्या में लोग पहुंचेंगे। कंडेला ने कहा कि जींद जिला राजनीति का केंद्र बिंदु है और यहां से सरकार बनती है व गिरती है। जींद जिले को खाप पंचायतों व किसानों का गढ़ माना जाता है। जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी की तीसरी बार सरकार बनाने में जींद, सोनीपत, हिसार, भिवानी जैसे जिलों में भारतीय जनता पार्टी को 17 सीट देकर अहम भूमिका निभाई है।

**विपक्षी लोगों को गुमराह कर रहा**



कंडेला ने कांग्रेस समेत क्षेत्रीय दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि लंबे समय से जींद जिले में अपनी राजनीतिक स्वार्थ सिद्ध करने के लिए लोगों को गुमराह किया गया है। अब इन जिलों के लोग इनके बहकावे में आने वाले नहीं हैं। कांग्रेस व क्षेत्रीय पार्टी दलों की झूठ और लूट की दुकान अब पूरी तरह से बंद हो चुकी है। अब लोगों को गुमराह करके यह लोग अपना राजनीतिक स्वार्थ सिद्ध नही कर सकते हैं। इन पार्टियों ने जींद जिले में अपने कार्यकाल में कोई विकास कार्य नही किया है और जींद जिले के साथ पूरी तरह से धोखा किया गया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संकट की घड़ी में अहम भूमिका निभा रहे हैं और देश में कोई समस्या नहीं आने देंगे हर स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।


**उचाना।** प्रोफेसर लगी डॉ. मनीषा के घर पहुंचे विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

# सरकार ने बिना पर्ची, खर्ची नौकरी देकर देशभर में रचा इतिहास : देवेंद्र

- किसान परिवार की बेटी प्रोफेसर बनी मनीषा के घर पहुंचे विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

गांव कसूहन में किसान परिवार की बेटी डा. मनीषा भूगोल विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर बनी। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री डा. मनीषा के घर पहुंचे। यहां पूरे परिवार को बधाई देते हुए कहा कि बेटी डा. मनीष ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पढ़ाई के बूते पर ग्रामीण अंचल से निकल कर असिस्टेंट प्रोफेसर बन दूसरी बेटियों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत होगी। 2014 में भाजपा सरकार बनने के बाद तत्कालीन सीएम मनोहर लाल ने बिना पर्ची बिना खर्ची नौकरी युवाओं को देने की शुरूआत की थी। आज उसको आगे बढ़ाने का काम सीएम नायब सिंह सैनी कर रहे है।

बिना पर्ची, बिना खर्ची नौकरी देकर भाजपा ने पूरे देश में इतिहास रचने का काम किया है। आज गरीब परिवार का युवा भी मेहनत करके बड़े पदों पर नौकरी लग रहे है। कसूहन गांव से गरीब परिवार की दो बेटी पुलिस में इंस्पेक्टर अपनी मेहनत के बूते पर लगी। ये बात बीते दिनों विधानसभा सत्र में भी रखी थी। पहले की सरकारों में नौकरी लगने के लिए जमीन तक युवा अपनी बेच देते थे। बड़ी नौकरी गरीब परिवार के युवा लगेंगे ये कोई सोच भी नहीं सकता था। डा. मनीषा ने कहा कि बिना पर्ची बिना खर्ची वो नौकरी लगी है। पढ़ाई करके असिस्टेंट प्रोफेसर बन कर परिवार के सपने को पूरा किया है। भाजपा के राज में सुना था कि बिना पर्ची बिना खर्ची नौकरी लगती है अब जब वो खुद लगी तो ये बात बिल्कुल सच है। अब पढ़ाई करके कोई भी युवा अपने सपने पूरा कर सकते है। पिता प्रेम ने कहा कि बेटी नौकरी लगी है इसको लेकर उसने किसी को चाय का कप तक नहीं पिलाया। इससे पहले उसका बेटा भी बिजली निगम में मेरिट पर नौकरी लगा है। आज गरीब, किसान परिवार के बेटे, बेटी पढ़ाई के बूते पर नौकरी लग रहे है। इस मौके पर रौनकचंद, डा. रामकुमार, पूर्व सरपंच नरेश, पूर्व सरपंच महाबीर, योगेश कसूहन, श्रीकांत, प्रमोद, विशाल, बलजीत नंबरदार, सतीश आदि मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने सुनी पुलिसकर्मियों की समस्याएं

# पुलिसकर्मियों का मनोबल ऊंचा रखना और उनकी समस्याओं का समय पर समाधान करना विभाग की प्राथमिकता : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


**जींद।** पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुनते एसपी कुलदीप सिंह। फोटो :हरिभूमि

जिला में कार्यरत पुलिसकर्मियों के कल्याण एवं उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु कार्यालय पुलिस अधीक्षक में पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने विभिन्न शाखाओं एवं थानों से आए पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की व्यक्तिगत व विभागीय समस्याओं को गंभीरता से सुना। पुलिस अधीक्षक ने एक-एक कर्मचारी से संवाद स्थापित करते उनकी समस्याओं, ड्यूटी से संबंधित कठिनाइयों, अवकाश, स्थानांतरण, आवास एवं अन्य प्रशासनिक विषयों पर विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने संबंधित शाखा प्रभारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र एवं निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिसकर्मी दिन-रात जनता की सेवा में तत्पर रहते हैं। ऐसे में उनका मनोबल ऊंचा रखना और उनकी समस्याओं का समय पर समाधान करना विभाग की प्राथमिकता है। यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी कर्मचारी की समस्या को अनदेखा नहीं किया जाएगा तथा पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ कार्यवाही की जाएगी। सुनवाई के दौरान कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। जबकि शेष मामलों के लिए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

## खबर संक्षेप

### अखिल भारतीय नायक सभा का चुनाव 26 को

**कलायत।** अखिल भारतीय नायक सभा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक कलायत में हुई। इसकी अध्यक्षता वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार नायक ने की। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर सभा प्रांतीय अध्यक्ष हरभगवान सिंह मौजूद रहे। इस दौरान राज्य के विभिन्न हिस्सों से आए प्रतिनिधियों से व्यापक चर्चा हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन सदस्यता अभियान एवं जागरूकता अभियान तेज करना रहा। हरभगवान सिंह ने कहा कि संगठन अखिल भारतीय नायक सभा का कार्यकाल मई माह में पूर्ण होने जा रहा है।

### शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म, केस दर्ज

**कैथल।** थाना क्षेत्र के एक गांव में 28 साल की युवती ने गांव के ही युवक पर शादी का झांसा दे दुष्कर्म का आरोप लगाया है। इसके साथ ही आरोपी की मां पर भी मारपीट करने का आरोप लगाया। पीड़ित युवती की शिकायत के बाद राजौंद थाना की पुलिस ने आरोपी युवक पर दुष्कर्म करने व उसकी मां पर मारपीट करने का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में युवती ने बताया कि कुछ साल पहले गांव के ही युवक सुमित से उसकी सोशल मीडिया के माध्यम से जान-पहचान हुई थी।

### एक सप्ताह में किए 106 वाहनों के चालान

**कैथल।** जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सड़क हादसों की रोकथाम के उद्देश्य से 23 मार्च से 29 मार्च तक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस टीम द्वारा गलत लेन में वाहन, लाल नीली लाइट इस्तेमाल व नशा करके वाहन चलाने वालों तथा प्रेशर हॉर्न व बुलेट बाइक से पटाखे बजाकर या अन्य तरीके से ध्वनि प्रदूषण करने वाले चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान गलत लेन में वाहन चलाने के 44, ध्वनि प्रदूषण करने का 14, लाल नीली लाइट इस्तेमाल के 26 तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 22 वाहन चालकों के चालान काटे गए।

### कलायत में एसडीएम ने ली विभागों की बैठक

**कलायत।** कलायत उप मंडल मुख्यालय पर एसडीएम अजय हुड्डा की अध्यक्षता में रबी विपणन सीजन 2026-27 के दौरान गेहूं एवं फसलों की खरीद व्यवस्था को लेकर बैठक हुई। इसमें सभी खरीद एजेंसियों व संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। एसडीएम ने बताया कि 1 अप्रैल से 15 मई तक न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीद की जाएगी। किसी भी किसान को एमपीएसपी से कम भुगतान नहीं किया जाएगा।

### गायत्री स्कूल का शत-प्रतिशत रहा परीक्षाफल

**कैथल।** माता गेट स्थित गायत्री पब्लिक स्कूल में वार्षिक परिणाम घोषित किए गए। जिन्हें जानकर बच्चे खुशी से झूम उठे। इस अवसर पर अभिभावक बच्चों के साथ परिणाम जानने पहुंचे। स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल प्रधानाचार्य वनीता गुप्ता ने सभी बच्चों व अभिभावकों को सफल परिणाम आने पर बधाई दी। उन्होंने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा।बच्चों ने ना केवल अकादमिक बल्कि खेलकूद व अन्य सहायक गतिविधियों में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन दिया है।

### समाधान शिविर में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**कैथल।** डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में सोमवार को स्थानीय लघु सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश ने आमजन की शिकायतों की सुनवाई की। शिविर के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश ने कहा कि बिजली, पेयजल आपूर्ति और सीवरेज से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं का समाधान करना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है।

---

### गेहूं खरीद को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

# डीसी ने किया पूंडरी अनाज मंडी का निरीक्षण

**मंडी में अनावश्यक खड़े वाहनों को हटाने सहित साफ-सफाई और पेयजल व्यवस्था दुरुस्त को कहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल/पूंडरी


कैथल। डीसी अपराजिता पूंडरी अनाज मंडी का दौरा करते हुए। फोटो : हरिभूमि


गुहला चीका। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह आढ़तियों की बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

1 अप्रैल से शुरू होने जा रही गेहूं खरीद को लेकर डीसी अपराजिता ने सोमवार दोपहर बाद पूंडरी अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं खरीद सीजन को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अनाज मंडी में अनावश्यक खड़े वाहनों को हटाने सहित मंडी में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालयों के रखरखाव सहित सभी तरह की तैयारियां पुख्ता रखने के निर्देश जारी किए।

डीसी अपराजिता ने सबसे पहले मंडी के प्रवेश द्वार पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी में प्रवेश करने वाले वाहनों की दिशा के हिसाब से कैमरे व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। इसके साथ-साथ कैमरे चालू हालत में रखने के भी निर्देश जारी किए। इसके बाद डीसी मार्केट कमेटी कार्यालय पहुंचीं। जहां उन्होंने सबसे पहले अटल कैंटीन का निरीक्षण किया। वहां साफ-सफाई से लेकर गैस की उपलब्धता एवं भोजन बनाने में प्रयोग किए जा रहे बर्तनों तक का बारीकी से निरीक्षण किया, साथ ही स्वच्छता को लेकर आवश्यक निर्देश जारी किए। इसके बाद उन्होंने मार्केट कमेटी कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम में आवश्यक कंप्यूटर, लैपटॉप, सीसीटीवी कैमरों द्वारा दिए जा रहे इनपुट, किसानों के बायोमीट्रिक के लिए उपलब्ध मशीनों का निरीक्षण किया। इसके बाद डीसी ने पैदल ही मंडी का दौरा किया। उन्होंने मंडी में खड़े अनावश्यक वाहनों को हटाने के निर्देश दिए। साथ ही सरसों की आवक होने पर खरीद को लेकर आवश्यक निर्देश जारी किए। डीसी ने कहा कि गेहूं के सीजन में इस बार कुछ नए प्रावधान किए गए हैं। इन प्रावधानों का सख्ती से पालन किया जाए।

#### कलायत एसडीएम ने ली बैठक

एसडीएम अजय हुड्डा की अध्यक्षता में सोमवार को रबी सीजन 2026-27 के दौरान गेहूं एवं अन्य रबी फसलों की खरीद व्यवस्था को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी खरीद एजेंसियों व संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। एसडीएम अजय हुड्डा ने बैठक में निर्देश दिए कि गेहूं की खरीद एक अप्रैल 2026 से 15 मई 2026 तक न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाएगी तथा किसी भी किसान को एमएसपी से कम भुगतान नहीं किया जाएगा। सभी मंडियों में स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, रोशनी, बैठने की व्यवस्था, सड़क संपर्क व अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

#### कैथल एसडीएम ने की अफसरों से चर्चा

एसडीएम गुरविंद्र सिंह ने रबी सीजन के दौरान गेहूं व अन्य फसलों की खरीद प्रक्रिया के प्रबंधों के सदंर्भ में विभिन्न विभागों के अधिकारियों व आढ़तियों के साथ बैठक की। जिसमें मंडियों में सीजन के दौरान आनी वाली समस्याओं के बारे विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह इस कार्य मे पूर्ण रूचि लेते हुए कार्य करें। मंडियों में साफ-सफाई, पीने का पानी, शौचालय व अन्य व्यवस्थाएं सुचारू रखें। मंडियों में अटल कैंटीन सुचारू रूप से चलनी चाहिए। उन्होंने संबंधित ठेकेदारों को ट्रकों मे जीपीएस डिवाइस फीटिंग और उसके सक्रियता सुनिश्चित करने बारे निर्देश दिए। बैठक के दौरान एसडीएम ने सचिव मार्केट कमेटी को निर्देश दिए।

## एसडीएम गुरविंद्र सिंह ने आढ़तियों व अधिकारियों के साथ की जरूरी बैठक

- किसानों को फसल बेचने में नहीं आने दी जाएगी किसी भी परेशानी : कैप्टन प्रमेश सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने गेहूं खरीद सीजन को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। गेहूं खरीद प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी एवं किसान हितैषी बनाने के लिए सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अनाज मंडियों में किसानों के लिए पेयजल, शौचालय, सफाई, रोशनी तथा बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गेहूं की खरीद निर्धारित तिथि से प्रारंभ की जाए तथा इलेक्ट्रॉनिक कांटों के माध्यम से पारदर्शी तरीके से तौल सुनिश्चित की जाए। किसानों को उनकी फसल का भुगतान समय पर सीधे उनके बैंक खातों में किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि खरीदे गए गेहूं का समय पर उठान सुनिश्चित किया जाए, ताकि मंडियों में किसी प्रकार की भीड़भाड़ या जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। मंडियों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के भी निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम ने कहा कि मंडियों में किसानों की शिकायतों का त्वरित निवारण किया जाए।एसडीएम ने चीका अनाज मंडी स्थित मार्किट कमेटी कार्यालय में आढ़तियों तथा विभिन्न खरीद एजेंसियों के साथ बैठक की। उन्होंने आढ़तियों तथा खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि आगामी गेहूं खरीद सीजन में किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

---

## समाधान शिविर में एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने सुनी लोगों की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका


गुहला चीका। एसडीएम समाधान शिविर में लोगों की शिकायत सुनते हुए।

सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह आमजन की शिकायतें व समस्याएं सुनी। उन्होंने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों से आमजन की शिकायतों का समाधान करवाया। अधिकारियों को निर्देश देते हुए एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाले लोगों की शिकायतों व समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुन उचित समाधान करना सुनिश्चित करें। आमजन को उनकी शिकायतों के सामधान के बारें में सही जानकारी दें। बेवजह आमजन को कार्यालय के चक्कर न लगवाएं। एसडीएम ने कहा कि आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे है। इन शिविरों में सभी विभागों के अधिकारी एक स्थान पर ही मौजूद रहते है, जिससे आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अलग-अलग विभागों में नहीं जाना पड़ता है। नागरिक समाधान शिविर में बुढ़ापा पेंशन, परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, आधार कार्ड, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल आदि से संबंधित समस्याएं रख सकते हैं।

### ड्रामा इंस्पेक्टर रामफल शर्मा को दी विदाई पार्टी

**कैथल।** सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग में कार्यरत ड्रामा इंस्पेक्टर रामफल शर्मा की सेवानिवृति के उपलक्ष्य में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें डीआईपीआरओ नसीब सैनी सहित अधिकारियों, कर्मचारियों सहित परिवार के लोगों ने भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए विदाई दी। डीआईपीआरओ नसीब सैनी ने कि डीआई रामफल शर्मा का लगभग 30 साल का कार्यकाल बहुत सराहनीय रहा। उन्होंने प्रशासनिक बैठकों में बेहतरीन कार्य किया है। उन्होंने अपनी कार्यशैली से विभाग में एक अलग ही छाप छोड़ी हैं, जिससे अन्य कर्मचारियों को भी प्रेरणा मिलती रहेगी।

## ढांड में अव्वल विद्यार्थियों का सम्मान समाजसेविका सीमा ने बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड


ढांड। समाजसेविका सीमा मेहरा, निकिता मेहरा व अन्य अव्वल विद्यार्थियों को कापी व पेन देकर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

बलिदानी केहर सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढांड और राजकीय कन्या उच्च विद्यालय ढांड में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कस्बा ढांड के मेहरा पुस्तक भंडार की संचालिका एवं समाजसेविका सीमा मेहरा व उनकी बेटी निकिता मेहरा ने कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कॉपी और पेन भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। सीमा मेहरा ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत और लगन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। साथ ही उन्होंने उन विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया जो इस बार केवल उत्तीर्ण हुए हैं, कि वे अगले वर्ष और अधिक मेहनत कर बेहतर परिणाम हासिल करें। इस अवसर पर गांव के सरपंच जसबीर सिंह गुर्जर, बलकार सिंह, स्कूल इंचार्ज सुरेंद्र सिंह, मुख्य अध्यापक राजीव कुमार आदि रहे।


कैथल। एसडीएम छात्र हर्षदीप के परिजन को एक लाख रुपये का चैक सौपते हुए।

### 12वीं कक्षा में राज्य स्तर पर प्रथम छात्र हर्षदीप के परिजन को सौंपा एक लाख रुपये का चैक

**कैथल।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने 12वीं कक्षा में हरियाणा में प्रथम स्थान पर रहे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय श्यू माजरा के छात्र हर्षदीप के परिजन को एक लाख रुपये का चैक भेंट किया। एसडीएम ने बताया कि पिछले वर्ष जब 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित हुआ था, उसी दिन छात्र हर्ष दीप के हरियाणा में प्रथम रहने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उनको व उनके परिजनों से बातचीत कर बधाई भी दी थी। मुख्यमंत्री ने एक लाख रुपये स्कोलरशीप देने की घोषणा भी की थी। एसडीएम ने अपने उपमंडल कार्यालय में छात्र हर्षदीप के परिजनों को एक लाख रुपये का चैक भेंट किया।

## सेवा संघ के गरीब कन्या विवाह समारोह में दस जोड़े परिणय सूत्र में बधेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। तिलक राज धीमान को निमंत्रण देते युवा विश्वकर्मा संगठन प्रधान।

सेवा संघ संस्था द्वारा 5 अप्रैल को पंजाबी सेवा सदन में आयोजित होने वाले 18वें गरीब कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह में 10 जोड़े वैवाहिक सूत्र में बंधेंगे। यह जानकारी सेवा संघ के संस्थापक एवं प्रधान डॉ. शिव शंकर पाहवा ने दी। पाहवा सामूहिक विवाह समारोह के प्रबंधों के लिए ली गई बैठक में बोल रहे थे, उन्होंने बताया कि देव नर्सिंग होम के निदेशक, प्रमुख सर्जन डॉ. डी.पी. गुप्ता मुख्य अतिथि के तौर पर तथा नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी कवल आहूजा बतौर अध्यक्ष नव दंपत्तियों को आशीर्वाद देने के लिए पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व उपकुलपति डॉ. ए.के. चावला, नगर परिषद की चेयरपर्सन श्रीमती सुरभि गर्ग, आध्यात्मिक व्यक्तित्व मास्टर सुरेश जलमाना तथा राइस मिलर एसोसिएशन हरियाणा के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा विशिष्ट अतिथि होंगे।

## 554 ग्राम अफीम व 2 किलो चूरा पोस्त के साथ 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट पुलिस द्वारा उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए 2 आरोपियों को 554 ग्राम अफीम व 2 किलो 84 ग्राम चूरा पोस्त सहित काबु कर लिया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी एसआई मुकेश कुमार की अगुवाई में एसआई धर्म सिंह की टीम सांयकालीन गश्त दौरान करनाल रोड़ काकौत बस अड्डा पर मौजूद थी। सहयोगी सूत्रों से पुलिस को गुप्त जानकारी मिली की मुंदड़ी नहर पुल के पास महिंद्रा बोलेरो पिकअप गाड़ी खड़ी है। जिसमें ड्राइवर व कंडक्टर के पास नशीला पदार्थ चुरापोस्त व अफीम है। अगर तुरंत उक्त स्थान पर रैड जाए तो ड्राइवर व कंडक्टर को भारी मात्रा में नशीले पदार्थ सहित काबु किया जा सकता है। सूचना विश्वसनीय होने कारण पुलिस टीम द्वारा तत्पर कार्रवाई करते हुए व मुस्तैदी का परिचय देते हुए मुंदड़ी नहर पुल के पास दबिश दी गई जहां एक महिंद्रा बोलेरो पिकअप गाड़ी में बैठे ड्राईवर व कंडक्टर को काबू कर लिया गया। जिनकी पहचान हरनाथपूरा जिला चित्तौड़गढ़ राजस्थान हाल किरायेदार राधा स्वामी कालोनी कैथल निवासी भेरुलाल व रोशन लाल के रूप में हुई।

---

### सरकारी विद्यालयों की उपलब्धियां और सुविधाओं के बारे में दी जाएंगी जानकारियां

# जन मानस को शिक्षा के प्रति जागरूक करेगा प्रवेश उत्सव रथः डीसी

**डीसी अपराजिता ने एक प्रवेश उत्सव रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


डीसी अपराजिता प्रवेश रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए

जिला के सरकारी विद्यालयों में 100 प्रतिशत नामांकन एवं शून्य ड्रॉप आउट के उद्देश्य से डीसी अपराजिता ने लघु सचिवालय कैथल से एक प्रवेश उत्सव रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग की ओर से दाखिला प्रक्रिया को लेकर प्रवेश उत्सव कार्यक्रम चला हुआ है। सभी सरकारी विद्यालयों में दाखिला प्रक्रिया को तेज करने के लिए प्रवेश उत्सव रथ की शुरुआत की गई है। शिक्षा विभाग का यह रथ सरकारी विद्यालयों में बच्चों की संख्या बढ़ाने एवं शिक्षा की अलख जगाने गांव-गांव में जाएगा। सबसे पहले उन गांवों को चुना जाएगा जहां पर सरकारी विद्यालयों में छात्र संख्या कम है। जिला सचिवालय कैथल परिसर से डीसी अपराजिता ने कहा कि शिक्षा विभाग का यह रथ सरकारी विद्यालयों में प्रदान की जाने वाली सुविधाओं एवं अपनी उपलब्धियों को आम जनमानस तक लेकर जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि हरियाणा सरकार सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा के साथ साथ अति आधुनिक संसाधनों के साथ विज्ञान, खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, एतिहासिक स्थानों का भ्रमण, साहसिक गतिविधियों एवं शैक्षणिक भ्रमण का अवसर प्रदान कर रही है। शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। यह प्रवेश उत्सव रथ आम जनमानस में शिक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करने में सहायक होगा। इस अवसर पर उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जिला में 100 प्रतिशत नामांकन एवं शून्य ड्रॉप आउट पर काम करना सुनिश्चित करें।

जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष कुमार ने बताया पूर्व की भांति इस वर्ष भी प्रवेश उत्सव रथ चलाने का निर्णय लिया गया है। जिला में प्रवेश उत्सव को लेकर एक टीम का गठन किया गया है।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष कुमार, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार, जिला परियोजना संयोजक राजेंद्र आजाद, अधीक्षक सुरेश कौशिक, प्रवेश बंसल, अश्वनी बंसल, खंड शिक्षा अधिकारी सीवन अनिल छाबड़ा, नोडल अधिकारी कुशल कुमार, जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुशील कुमार छत्रपाल, प्रवीण थरेजा, रमेश चहल, डॉ विजय कुमार चावला, अरुण कुमार, विनोद आर्य, गुरदीप सिंह, सुनील डांगी, फकीरचंद, रजनी बाला, रूपा शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### 30 अप्रैल को खंड स्तर पर मनाया जाएगा परशुराम प्रकट महोत्सव

**कलायत।** कलायत के श्री सांई मंदिर परिसर में भगवान परशुराम प्रकट महोत्सव के आयोजन को लेकर ब्राह्मण समाज के सभी घटकों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसकी शुरूआत भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। मौजूद विप्र समाज ने आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की। सर्व सम्मति से 30 अप्रैल को भगवान परशु राम प्रकट दिवस मनाने का निर्णय हुआ। बैठक में आयोजन को लेकर विभिन्न समितियों का गठन कर उनको दायित्व सौंपा गया। श्री कपिल मुनि तीर्थ कमेटी प्रधान राजू कौशिक, पार्षद रवींद्र बंटी शर्मा, मा.नीरज शर्मा, मुकेश पाराशर, विजय निर्मल, श्याम लाल बात्ता, ललित शर्मा आदि की रहेगी उपस्थिति।

## तेल की मारामारी : लोग परेशान, लंबी लाइनों में घंटों इंतजार के बाद मिल रहा ईंधन

# प्रशासन का दावा, पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं पंप संचालक बोले, आधी सप्लाई ही मिल रही

रोजाना करीब 30 हजार लीटर की मांग पर हो रही 15 हजार लीटर ईंधन की आपूर्ति, जिले में कई जगहों पर हुई स्टॉक की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जिले मे पेट्रोल और डीजल की सप्लाई आधी होने से फ्यूल पंप संचालकों के साथ आम लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पंप संचालकों का कहना है कि मांग अनुरूप ईंधन नहीं मिल रहा, जिससे कई जगहों पर स्टॉक की समस्या बनी हुई है। पंप संचालकों का कहना है कि जहां रोजाना करीब 30 हजार लीटर ईंधन की मांग होती है, वहां उन्हें मात्र 15 हजार लीटर ही सप्लाई मिल रही है। इसके अलावा सप्लाई समय पर नहीं पहुंचने से दिक्कत और बढ़ रही है। कई बार टैंकर देर से पहुंचते हैं, जिससे पंपों पर ईंधन खत्म होने की स्थिति बन जाती है। ईंधन की कमी का असर आम उपभोक्ताओं पर भी पड़ रहा है। कई पंपों पर लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है, जबकि कुछ जगहों पर अस्थायी रूप से डीजल या पेट्रोल खत्म होने की स्थिति भी सामने आई है। समस्या को देखते हुए सोमवार को डीएफएससी विरेंदर सिंह ने पेट्रोल पंप संचालकों और तेल कंपनियों के फील्ड अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सप्लाई की स्थिति और समाधान पर चर्चा की।

### पाई, सीवन, कैथल व चीका में समस्या

जिले मे पेट्रोल और डीजल की सप्लाई आधी होने से जिले के पाई, सीवन, कैथल और चीका के पंपों पर समस्या अधिक है। ऐसा नहीं है कि यहां फ्यूल पंपों पर सप्लाई नहीं आ रही है। यहां पर सप्लाई आने में एक से डेढ़ दिन तक की देरी हो रही है। इस कारण ही फ्यूल पंप संचालक से लेकर आमजन को कई बार परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### खपत बढ़ने के कारण जल्दी खत्म हो रहा ईंधन

जिला खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि जिले मे पेट्रोल और डीजल की सप्लाई को लेकर फ्यूल पंपों पर अधिक समस्या नहीं है। कुछ पंपों पर ईंधन की खपत बढ़ने के कारण स्टॉक जल्दी खत्म हो रहा है। फ्यूल पंपों के सभी संचालकों के साथ बैठक करके व्यवस्था बनाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

### एलपीजी, पीएनजी, पेट्रोल व डीजल की कमी नहीं

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के मद्देनजर कैथल में एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है। आंकड़ों के अनुसार आज छह हजार 536 गैस सिलेंडर वितरित किए गए हैं। पांच हजार 761 सिलेंडर का स्टॉक है। इसके बाद भी यदि आमजन को इससे संबंधित कोई समस्या सामने आती है तो वह टोल फ्री नंबर 01746-224243 पर सुबह आठ बजे से सायं आठ बजे तक संपर्क कर सकते हैं। गैस सिलेंडरों को निर्धारित मापदंड अनुसार वितरण किया जा रहा है। आमजन को किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। किसी ने बेवजह अफवाह फैलाई तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा डीजल एवं पेट्रोल की भी कोई कमी नहीं है। डीसी अपराजिता ने कहा कि जिले में गैस के लिए 10 हजार पीएनजी के कनेक्शन हैं और लोग नए कनेक्शन भी ले रहे हैं। विभाग द्वारा भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उपभोक्ता पीएनजी का ज्यादा से ज्यादा संख्या में कनेक्शन लें। पीएनजी गैस एलपीजी की तुलना में अधिक किफायती और सुरक्षित है। इसके अलावा पीएनजी की सप्लाई 24 घंटे निरंतर उपलब्ध रहती है, जिससे उपभोक्ताओं को सिलेंडर खत्म होने की चिंता नहीं रहती।

## खेतों से सिलेंडर चोरी करने वालों से 4 गैस सिलेंडर बरामद



**कैथल।** चोरी का आरोपी पुलिस गिरफ्त में। *फोटो : हरिभूमि*

**कैथल।** कलायत क्षेत्र में खेतों से गैस सिलेंडर चोरी करने वाले आरोपी को एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था । रिमांड अवधि दौरान आरोपी के कब्जे से 4 गैस सिलेंडर बरामद कर लिए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की कुराड़ निवासी सोनू की शिकायत अनुसार 13 मार्च को उसके खेत दुब्बल रोड स्थित नेट हाउस का पन्ना फाड़कर तथा कोठे का ताला तोड़कर अज्ञात चोर द्वारा गैस सिलेंडर चोरी कर लिया गया। इसके साथ साथ उसके तीनो पड़ोसियों के खेतों से भी इसी प्रकार अज्ञात चोरों द्वारा गैस सिलेंडर चोरी किए गए थे। जिस बारे थाना कलायत में मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई अशोक कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव धारसूल जिला फतेहाबाद निवासी रिम्पल उर्फ रंजीत को काबू करके एक सिलैंडर व वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई थी। आरोपी का व्यापक पूछताछ के लिए न्यायालय से 1 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया था। रिमांड अवधि दौरान आरोपी रिम्पल उर्फ रंजीत ने उक्त चोरियों के अतिरिक्त गांव शिमला में एक खेत कोठा से एक गैस सिलेंडर, हुक्का व तार चोरी करने बारे कबूल किया। आरोपी रिम्पल के कब्जे से 4 चोरीशुदा गैस सिलेंडर बरामद किए गए हैं।

## जिले में एलपीजी की उपलब्धता पूरी तरह से सामान्य

**जींद।** जिला प्रशासन और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग उपभोक्ताओं को घरेलू गैस की सुचारू सेवा प्रदान करने के लिए पूरी तरह तत्पर है। उपभोक्ता किसी प्रकार का पैनिक ना लें, सभी को नियमानुसार गैस वितरित की जा रही है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जिले में घरेलू एलपीजी (रसोई गैस) की उपलब्धता पूरी तरह से सामान्य है। विभाग द्वारा सभी गैस एजेंसियों में स्टॉक की निरंतर निगरानी की जा रही है और कहीं भी गैस की कोई किल्लत नहीं है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने स्पष्ट किया कि घरेलू सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पूरी तरह वर्जित है। विभाग की टीमें होटलों और रेस्टोरेंटों में निरंतर जांच कर रही हैं। यदि कोई एजेंसी निर्धारित दर से अधिक राशि वसूलती पाई जाती है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे किसी प्रकार का पैनिक न लेंए प्रशासन द्वारा नियमानुसार गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक राजेश कुमार आर्य ने बताया कि जिलेभर में कुल 24 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं। सभी एलपीजी कंपनियों के माध्यम से नियमित आपूर्ति बनी हुई है और उपभोक्ताओं को बुकिंग के निर्धारित समय के भीतर रिफिल उपलब्ध करवाई जा रही है। विभागीय निर्देशों के अनुसार आवश्यक सेवाओं और सामाजिक कार्यों के लिए व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। विशेष रूप से शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों तथा बेटियों की शादी जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए प्राथमिकता के आधार पर गैस उपलब्ध करवाई जाएगी ताकि किसी भी आवश्यक सेवा में बाधा न आए। उन्होंने बताया कि गैस उपभोक्ताओं की सुविधा और शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिला कार्यालय में एक विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका नंबर 01681-245375 है।

### शिव स्कूल में लिफ्ट व हेमलेज का किया उद्घाटन

## नई तकनीकों की सहायता से विद्यार्थी आसानी से बढ़ सकते है आगे: एडीसी


**जींद।** लिफ्ट का शुभारंभ करते हुए एडीसी प्रदीप कुमार। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

शहर के रोहतक रोड स्थित शिव पब्लिक स्कूल में कुछ खास सौगातों लिफ्ट, न्यू हेमलेज का उद्घाटन एडीसी प्रदीप कुमार और मुख्यमंत्री के ओएसडी के पिता एवं संस्कृत महाविद्यालय रामराये के प्रधान सुरेंद्र दत्त गौतम ने बतौर मुख्यअतिथि किया। राजेंद्र गुप्ता अमरगढ़ वाले की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में स्कूल चेयरमेन शिव नारायण शर्मा और प्राचार्य वृंदा शर्मा ने तमाम अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान मां दुर्गा की पूजा अर्चना करने के साथ-साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर चंद्रानंद स्वामी, ब्राह्मण सभा के पूर्व प्रधान सियाराम शास्त्री, लोक गायक महावीर गुड्डू, फुल कुमार शास्त्री, सुभाष कौशिक, डा. दीन दयाल, रिषि राम, रागभगत शास्त्री, जयपाल, काला गतौली सहित दर्जनों प्रबुद्ध लोग मौजूद थे। लिफ्ट और न्यू हेमलेज का उद्घाटन करने उपरांत एडीसी प्रदीप कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि आज के आधुनिक दौर में आगे बढने के लिए बच्चों को नयी तकनीको को भी सिखना होगा। बच्चों को शिक्षा और विद्या के अंतर को भी समझना होगा। शिक्षा से व्यक्ति पैसा तो कमा सकता है किंतु वह विद्या के बिना आधा अधूरा है। इसलिए बदले दौर में बच्चे अपने बड़ो का मान-सम्मान करने के साथ-साथ लक्ष्य को साधने के लिए कड़ी मेहनत करें। इस दौरान उन्होंने अपने विद्यार्थी काल का जिक्र करते हुए कहा कि जब वे सरकारी स्कूल में पढ़ते थे तो वहां दो कमरे होते थे। एक कमरे में हैड मास्टर तो दूसरे कमरे में सभी मास्टर बैठते थे। उनकी कक्षाएं प्रकृति की गोद में लगती थी। बारिश आ जाती थी तो छुट्टी भी हो जाती थी। उन्होंने कहा कि जीवन में पढ़ाई जरूरी है। क्योंकि यह सफलता की राह है।

### बच्चों को मिले सुविधाएं

इस मौके पर प्राचार्य वृंदा शर्मा ने कहा कि जींद के बच्चों को भी दिल्ली और चंडीगढ़ के स्कूलों की तर्ज पर सुविधाएं मिले, इसके लिए लिफ्ट और न्यू हेमलेज की सौगाते स्कूल में लाई गई है। शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को खेल की दुनिया में ले जाकर उनका उनका सर्वांगीण विकास साधने का लक्ष्य रखा गया है।

## खबर संक्षेप

### किशोरी से छेड़छाड़ के आरोप में मामला दर्ज

**कैथल।** राजौंद थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोप में एक युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। राजौंद की एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी कि 28 मार्च को रात के समय आरोपी आशीष ने गांव में उसकी 13 साल की नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ की। जांच अधिकारी एसआई महीपाल ने बताया कि नाबालिग के पिता की शिकायत पर पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किक बॉक्सिंग में रिद्धिमा व विधिका ने जीता स्वर्ण

**उचाना।** राष्ट्रीय अस्मिता किक बॉक्सिंग टूर्नामेंट में हरियाणा के महिला खिलाड़ियों ने नौ स्वर्ण पदक, तीन रजत पदक एवं पांच कांस्य पदक हासिल कर ओवरऑल तीसरा स्थान हासिल किया। स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में भौंगरा गांव की सगी बहन रिद्धिमा कौशिक, विधिका कौशिक शामिल है। वॉको इंडिया किक बॉक्सिंग महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल ने बताया कि भारत में किक बॉक्सिंग ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।

### भाजपा की नकारी जनता की सुरक्षा पर भारी : आदित्य

**नरवाना।** कैथल से कांग्रेस विधायक आदित्य सिंह सुरजेवाला ने कहा कि बेपरवाह मुख्यमंत्री और भाजपा सरकार की नकारी प्रदेश की जनता की सुरक्षा पर भारी पड़ रही है। वे सोमवार को विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सैनी की कुंभकर्णी नींद ने प्रदेश को क्राइम सेंटर में बदल दिया है। जहां हर रोज रंगदारी फिरौती हत्याएं और दुष्कर्म जैसी घटनाएं आम हो गई हैं।

### विवाह समारोह में 12 जोड़े बनेंगे जीवनसाथी

**कैथल।** सेवा संघ संस्था द्वारा 5 अप्रैल को पंजाबी सेवा सदन में आयोजित होने वाले 18वें गरीब कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह में 12 जोड़े वैवाहिक सूत्र में बंधेंगे। यह जानकारी सेवा संघ के संस्थापक डॉ. शिव शंकर पाहवा ने दी। सामूहिक विवाह समारोह के प्रबंधों के लिए ली गई बैठक में बोल रहे थे, उन्होंने बताया कि देव प्रमुख सर्जन डॉ. डी.पी. गुप्ता मुख्य अतिथि के तौर पर तथा प्रसिद्ध समाजसेवी कवल आहूजा बतौर अध्यक्ष नव दंपत्तियों को आशीर्वाद देने के लिए पहुंचेंगे।

## एमएसपी से अधिक सरसों के भाव मिलने से किसानों की बल्ले-बल्ले

- अब तक पहुंच चुकी है 6856 क्विंटल सरसों, बीते साल की अपेक्षा 2533 क्विंटल अधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना


**उचाना।** सरसों की फसल की सफाई करते हुए मजदूर। *फोटो :हरिभूमि*

सरसों के भाव प्राइवेट परचेज पर एमएसपी से अधिक मिलने पर किसानों के चेहरे खिले नजर आए। अब तक 6856 क्विंटल सरसों मंडी आ चुकी है तो बीते साल की अपेक्षा 2533 क्विंटल अधिक है। 6200 रुपये सरसों का एमएसपी भाव तय किया है। इन दिनों कम से कम 6525 रुपये प्रति क्विंटल तो अधिक से अधिक 6700 रुपये प्रति क्विंटल तक के भाव किसानों को प्राइवेट परचेज पर मिल रहे है। बीते साल इन दिनों 5395 रुपये प्रति क्विंटल कम से कम तो अधिक से अधिक 6000 रुपये प्रति क्विंटल के भाव किसानों को मिल रहे थे। इस बार सीजन की शुरूआत से लेकर अब तक भाव एमएसपी से अधिक सरसों के मिल रहे हैं। किसान बलजोर, राजा, जगदीश ने कहा कि सरसों की फसल के भाव सीजन की शुरूआत से जो एमएसपी का भाव है उससे अधिक मिल रहे है। 28 मार्च से सरसों की सरकारी खरीद शुरू हुई है। जो भाव मिल रहे है उसके चलते किसान प्राइवेट परचेज पर सरसों बेच रहे है।


**पूंडरी।** पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर के साथ हर्ष सेठी। *फोटो :हरिभूमि*

### छह अप्रैल को संपूर्ण भारत में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएग भाजपा का स्थापना दिवस

**पूंडरी।** भाजपा जिला सचिव एवं ढांड प्रभारी हर्ष सेठी ने पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर से मिलकर पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस पूरे देश में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन बूथ स्तर तक किया जाएगा, जिसके अंतर्गत प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाएगा। इस दौरान घर-घर भाजपा का ध्वज लगाया जाएगा तथा विभिन्न जनसंपर्क एवं सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। हर्ष सेठी ने बताया कि भाजपा एक ऐसी राजनीतिक पार्टी है, जो "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के मूल मंत्र पर कार्य करती है। पार्टी हमेशा पारदर्शिता, सुशासन और विकास को प्राथमिकता देती आई है तथा गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे स्थापना दिवस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लें और संगठन को मजबूत बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## डीसी ने गांव नीमवाला में किया डिजिटल क्रॉप सर्वे का निरीक्षण

- उपायुक्त ने गेहूं व सरसों के खेतों में जाकर दर्ज करवाई एंट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद


**राजौंद।** डीसी अपराजिता क्राप सर्वे का अवलोकन करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

डीसी अपराजिता ने सोमवार को राजौंद खंड के गांव नीमवाला में रबी फसलों के डिजिटल क्रॉप सर्वे का निरीक्षण किया और पटवारियों को डिजिटल क्रॉप सर्वे के तहत की जा रही एंट्री के बारे में आवश्यक निर्देश जारी किए। साथ ही इस कार्य को तेजी से पूरा करने के भी निर्देश दिए।

डीसी अपराजिता सोमवार दोपहर बाद गांव नीमवाला के खेतों में पहुंचीं। जहां नायब तहसीलदार राजौंद स्नेहा की अगुवाई में पटवारियों द्वारा किए जा रहे डिजिटल सर्वे की पूरी प्रक्रिया को समझा। डीसी पहले एक बरसीम के खेत में पहुंचीं। जहां उन्होंने उसी एकड़ में खड़े होकर खेत में फसल की एंट्री दर्ज की। इसके बाद उन्होंने एक गेहूं के खेत में जाकर एंट्री करवाई। इस दौरान रेंज सहित अन्य तकनीकी दिक्कतों के बारे में भी जानकारी हासिल की। डीसी ने खेत में खड़ी फसल की फोटो को एप पर अपलोड कर एंट्री दर्ज की।

### विद्यार्थियों के स्कॉलरशिप फॉर्म का जल्द किया जाए सत्यापन

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जींद विश्वविद्यालय प्रशासन तथा जींद के तहत आने वाले सभी महाविद्यालयों से मांग की है कि विद्यार्थियों के स्कॉलरशिप फॉर्म का सत्यापन (वेरिफिकेशन) शीघ्र किया जाए। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी ने कहा कि छात्रवृत्ति सत्यापित की अंतिम तिथि 10 अप्रैल निर्धारित है और यदि समय रहते फॉर्म सत्यापित नहीं किए गए तो अनेक विद्यार्थियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। विशेष रूप से अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी छात्रवृत्ति पर ही अपनी पढ़ाई निर्भर रखते हैं। ऐसे में फॉर्म सत्यापन में देरी होने से उनकी छात्रवृत्ति अटक सकती है। जिससे उनकी फीस जमा करने और अन्य शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करने में कठिनाई उत्पन्न होगी। कई विद्यार्थियों ने समय पर अपने आवेदन भर दिए हैं लेकिन कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर पर वेरिफिकेशन की प्रक्रिया धीमी चल रही है। यदि अंतिम तिथि से पहले यह प्रक्रिया पूरी नहीं हुई तो विद्यार्थियों का आवेदन निरस्त हो सकता हैए जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। जींद विश्वविद्यालय अध्यक्ष सतविंदर ढिल्लों ने बताया कि प्रशासन से अपील की है कि इस विषय को गंभीरता से लेते हुए विशेष अभियान चला कर सभी लंबित छात्रवृत्ति फार्म का तुरंत सत्यापन किया जाए। ताकि विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की तकनीकी या दस्तावेजी समस्या का समाधान तुरंत मिल सके।

## गेहूं खरीद के लिए मंडियों में नए प्रावधान हुए लागू: रंजन

- किसानों की सुविधा के लिए मंडियों में समुचित व्यवस्थाओं के अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


**जींद।** अधिकारियों की बैठक लेते हुए वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एवं जींद के प्रशासनिक सचिव राजीव रंजन।

उपायुक्त सचिव राजीव रंजन ने कहा कि रबी सीजन के दौरान गेहूं व अन्य फसलों की खरीद को समुचित रूप से किया जाए। किसानों को मंडियों में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। सरकार ने गेहूं खरीद के लिए जो भी नए प्रावधान किए हैं, उनके पालन के लिए सभी मंडियों में व्यापक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। मंडियों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। बारदाने की पूरी व्यवस्था की जाए और फसल खरीद के बाद उसका समयबद्ध उठान किया जाए ताकि मंडी में जाम जैसी स्थिति पैदा न हो। सभी सम्बन्धित अधिकारी मंडियों में फसल खरीद प्रक्रिया की निरन्तर निगरानी करते रहे। डीसी फसल खरीद प्रक्रिया से जुड़े जिला के सम्बन्धित अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। मौके पर, एसडीएम सत्यवान सिंह मान, डीएमसी सुरेन्द्र सिंह, सीटीएम मोनिका रानी, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, डीएफएससी राजेश कुमार आर्य व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### एसडी स्कूल चुनाव पर आरओ गोयत नियुक्त

**जींद।** रिटायर्ड एडिशनल रजिस्ट्रार जिले सिंह श्योकंद ने बताया कि एसडी स्कूल मैनेजिंग कमेटी चुनाव को लेकर आरओ नियुक्त कर दिए गए हैं। इस चुनाव को लेकर आरओ अधिवक्ता राजेश गोयत पूर्व प्रधान जिला बार को बनाया गया है। जबकि दो एआरओ भी नियुक्त किए गए हैं। इसमें अधिवक्ता संदीप लाठर व अधिवक्ता देवराज मलिक शामिल हैं। जोकि जिला बार के पूर्व सचिव रहे हैं। चुनाव दस मई 2026 को रविवार के दिन एसडी स्कूल की नई बिल्डिंग में करना तय किया गया है। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाया जाएगा। चुनाव को लेकर पूरी तैयारियां हैं। किसी भी स्तर पर कोई कोर कसर नही छोड़ी जाएगी।


**पूंडरी।** कार्यक्रम को लेकर रूप रेखा बनाते भाविप सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*

### फतेहपुर पुंडरी में भव्य श्री श्याम महोत्सव आज

**पूंडरी।** भारत विकास परिषद, फतेहपुर पुंडरी की ओर से 31 मार्च, दिन मंगलवार को प्राचीन हनुमान मंदिर (देवी मंदिर रोड) में सायं 4 बजे भव्य श्री श्याम महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में आयोजित बैठक में तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान महिला संयोजिका निधि मोहन ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं और इसे भव्य एवं सफल बनाने के लिए टीम पूरी तरह से जुटी हुई है। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक बहादुर सैनी (कैथल) अपनी मधुर प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर करेंगे। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस भक्ति कार्यक्रम का लाभ उठाने की अपील की है। महोत्सव के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का भी विशेष आयोजन किया गया है। आयोजकों ने बताया कि इस धार्मिक कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में भक्ति, एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। बैठक में शाखा संरक्षक विनोद बंसल, अध्यक्ष परवीन मित्तल, सचिव विकास, कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा, श्रवण सिंगला, नवीन टाया, सुनील मित्तल, बलविंदर वालिया, महिला संयोजिका निधि मोहन आदि मौजूद रहे।

### फ्रीज संपत्ति की खरीद-फरोख्त पूर्ण रूप से रहेगी प्रतिबंधित

## पुलिस ने नशा तस्करों की करीब 84 लाख रुपये की संपत्ति की फ्रीज

आरोपी विकास के खिलाफ दर्ज है छह आपराधिक मामलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


**कैथल।** प्रेस कोन्फ्रेंस दौरान जानकारी देते हुए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन। *फोटो :हरिभूमि*

नशा तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए कैथल पुलिस ने एक सख्त और संदेश देने वाली कार्रवाई की है। 5 आदतन नशा तस्करों की करीब 84 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति को फ्रीज कराया गया है। नशा बेचकर अर्जित की गई संपत्ति का केस तैयार करके वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) के अंतर्गत आने वाले "सक्षम प्राधिकारी एवं प्रशासक को भेजा गया था। यह वही विभाग है जो नशा तस्करों, तस्करों या बेनामी संपत्ति रखने वालों की संपत्ति को जब्त (फ्रीज/सीज) करने का अधिकार रखता है। इस संपत्ति की कोई भी खरीद-फरोख्त पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी, जो उक्त विभाग द्वारा यह आदेश सभी संबंधित विभागों को भी जारी किए गए है। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने जानकारी देते हुए बताया कि -पहले मामले में सजुमा रोड कलायत निवासी आदतन नशा तस्कर राजेश व उसके भाई विकास को शामिल किया गया है। आरोपी राजेश के खिलाफ नशा तस्करी के 3 मामले दर्ज हैं। वर्ष 2019 में उसे 160 ग्राम गांजा, वर्ष 2024 में 412 ग्राम गांजा तथा वर्ष 2025 में 1 किलो 960 ग्राम गांजा फूल-पत्ती सहित थाना कलायत क्षेत्र से काबू किया गया था। आरोपी विकास के खिलाफ थाना कलायत में नशा तस्करी के 6 मामले दर्ज हैं। वर्ष 2021 में उसे 8 किलो 60 ग्राम गांजा, वर्ष 2022 में 4.23 ग्राम हेरोइन, उसी वर्ष 2 किलो 20 ग्राम गांजा व 1 किलो 100 ग्राम गांजा फूल-पत्ती सहित पकड़ा गया। इसके अलावा वर्ष 2023 में 305 ग्राम तथा वर्ष 2024 में 470 ग्राम गांजा फूल-पत्ती सहित आरोपी को काबू किया गया था। दोनों आरोपी आदतन नशा तस्कर हैं।

### नशे के धंधे से अर्जित कमाई नहीं है सुरक्षितः एसपी

एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने सख्त संदेश देते हुए कहा कि "नशा तस्करों के खिलाफ यह अभियान लगातार और और भी तेज किया जाएगा। जो लोग युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। अब नशे के धंधे से कमाई गई संपत्ति सुरक्षित नहीं है या तो अपराध छोड़ दें या अपनी पूरी संपत्ति गंवाने के लिए तैयार रहें।" कैथल पुलिस की यह कार्रवाई नशा तस्करों के लिए साफ चेतावनी है कि अब कानून केवल गिरफ्तारी तक सीमित नहीं है, बल्कि उनकी आर्थिक जड़ें भी काटी जाएंगी। ऐसे अपराधियों की अवैध कमाई से अर्जित संपत्ति को चिन्हित कर जब्त एवं फ्रीज करने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### ये संपत्ति की गई फ्रीज

तीनों आरोपियों के खिलाफ केस तैयार कर वित्त मंत्रालय भारत सरकार को भेजा गया, जिसके तहत मंत्रालय ने उनकी संपत्तियों को फ्रीज करने के आदेश दिए। इसमें 1 मकान, 3 प्लॉट, 1 बाइक, 1 इनोवा गाड़ी, 49.52 ग्राम सोने के आभूषण, 245 ग्राम चांदी के आभूषण व बैंक खाते शामिल हैं, जिनकी कीमत करीब 58 लाख 40 हजार रुपये आंकी गई है।

### एक घंटे के लिए ग्राहकों के लिए बंद रहे बैंक

**जींद।** कोटक महिंद्रा बैंक और एयू स्माल फाइनेंस बैंक में 160 करोड़ रुपये के गबन का असर जींद में भी रहा। सुबह दोनों ही बैंकों में पंचकूला से टीम आई और कुछ जांच की। इसके बाद टीम चली गई और बैंक ग्राहकों के लिए खोल दिए गए। जींद में स्थित एयू स्माल फाइनेंस बैंक की हुडा ग्राउंड स्थित ब्रांच में कुछ समय के लिए पुलिस कर्मचारी भी तैनात किए थे। इसके बाद पुलिस भी वापस चली गई और बैंकों में सामान्य रूप से कामकाज हुआ। लीड बैंक मैनेजर अनूपम मरांडी ने बताया कि पंचकूला में कोटक महिंद्रा बैंक में कुछ मामला चल रहा है। 11 बजे दोनों बैंकों की शाखाओं में सामान्य रूप से कामकाज शुरू हो गया था।